Di Code 233305344695
School Code 641233
KANYA SHIKSHA PARISAR, SEHORE
RUN BY SURYA FOUNDATION
Sehore-Indore by pass Road, In front of R.T.O. Office,
Crescent Resort Cross Road, Sehore - 466001 (M. P.)
9540780079 sehoreksp@gmail.com kspsehore.ac.in

# पब्लिक एड्रेस सिस्टम हेतु निविदा

कन्या शिक्षा परिसर सिहोर, सूर्या फाउण्डेशन, नई दिल्ली द्वारा पी.पी.पी. मोड पर संचालित विद्यालय में पब्लिक एड्रेस सिस्टम के टेंडर प्रक्रिया में भाग लेने हेतु आमंत्रित किया जाता है।

## महत्वपूर्ण विवरण

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | निविदा भरने वाले आपूर्तिकर्ता का नाम और प्रकार | - | |
| 2. | पंजीकृत कार्यालय का पता फोन नंबर ईमेल इत्यादि | - | |
| 3. | निविदा की तारीख़ | - | 09 मार्च 2024 |
| 4. | निविदा भरने की तारीख़ | - | 09 मार्च 2024 से 23 मार्च 2024 |
| 5. | निविदा भरकर भेजने की अंतिम तारीख़ | - | 23 मार्च 2024 सायं 5 बजे तक |
| 6. | निविदा खुलने की संभावित तारीख | - | 26 मार्च 2024, सुबह 10 बजे. |
| 7. | निविदा शुल्क (अप्रतिदेय) | - | Rs 100/- ( नकद या बैंक ड्राफ्ट, चेक स्वीकार नहीं किया जाएगा) |
| 8. | धरोहर राशि (अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट) | - | Nil |
| 9. | निविदा खुलने का स्थान | - | Kanya Shiksha Parisar Sehore, run by Surya Foundation, Sehore-Indore bypass road, in front of RTO Office, Crescent Resort cross road, Sehore (Madhya Pradesh) PIN-466001 |

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर और उसके व्यवसाय-प्रतिष्ठान की मुहर

# निविदा की सामान्य शर्तें
## (TERMS AND CONDITIONS OF TENDER)

1. कन्या शिक्षा परिसर, सीहोर सूर्या फाउंडेशन द्वारा संचालित, जिला सीहोर (म . प्र .) की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक **23 मार्च 2024 सायं** 5 **बजे** तक पब्लिक एड्रेस सिस्टम हेतु मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है ।
2. निविदा लिफाफे पर " **पब्लिक एड्रेस सिस्टम हेतु निविदा**" स्पष्टतया लिखा जाना अनिवार्य हैं ।
3. निविदाऐं क्रय सलाहकार समिति के द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष दिनांक **26 मार्च 2024**, **सुबह** 10 **बजे** खोली जायेगी । निविदाएं, निविदाकर्ताओं का इंतजार किए बिना नियत तिथि और समय पर खोली जाएंगी ।
4. आपूर्तिकर्ता जिनके पास उस व्यवसाय के लिए जी.एस.टी., पैन कार्ड आदि है उन्हें निविदा फॉर्म के साथ जमा करना होगा।
5. सामग्री आपूर्ति हेतु दर नीचे दिए गये कार्य के विवरण **Appendix "A"** के अनुसार भरी जानी चाहिए तथा निविदादाता को प्रपत्र की शर्तों पर सहमति हेतु हस्ताक्षर करने अनिवार्य होगें अन्यथा की स्थिति में निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा ।
6. निविदा में अंकित की गई दरें एवं एम.आर.पी. पर अधिकतम प्रतिशत छूट सभी करों जैसे- जी.एस.टी एंव अन्य करों सहित अंकित करनी होगी तथा सामग्री की आपूर्ति एफ.ओ.आर. कन्या शिक्षा परिसर, सीहोर सूर्या फाउंडेशन द्वारा संचालित जिला सीहोर (म.प्र.) होगी। आपूर्ति के लिये कोई भी भाड़ा इत्यादि अतिरिक्त देय नहीं होगा ।
7. निविदा फार्म साफ-सुथरे ढंग से भरा जाना चाहिए तथा किसी भी प्रकार की काट-छाट नहीं करे । यदि किसी भी प्रकार का परिवर्तन/संशोधन करना अति आवश्यक हैं तो उसे साफ-साफ तरीके से करते हुए परिवर्तन करे तथा किये गये परिवर्तन पर दिनांक सहित हस्ताक्षर कर सत्यापित करें । किसी भी दशा में ओवरराइटिंग स्वीकार्य नही की जायेगी ।
8. किसी भी निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित हैं तथा वह न्यूनत मद प्रस्तुत करने वाली निविदा को स्वीकृत करने के लिये बाध्य नही हैं। अधोहस्ताक्षरी किसी भी निविदा को बिना किसी कारण बताये रद्द कर सकते है।
9. निविदा आवेदन शुल्क 100 रूपये सभी के लिए अनिवार्य है जोकि स्कूल को भुगतान किया जाएगा ।
10. यदि कोई सरकारी संस्था निविदा प्रस्तुत करना चाहती हैं तो वे अपने सरकारी विभाग होने का प्रमाण पत्र साथ में संलग्न करें।
11. निविदा देने वाले व्यक्ति की, जिसकी निविदा स्वीकृत की गई है, को आदेश देने की तारीख में लिखी गई समयावधि के भीतर पब्लिक एड्रेस सिस्टम install करना होगा यदि अनुमोदित निविदादाता निर्दिष्ट अवधि के भीतर Install करने में असफल रहता है तो उसकी निविदा निरस्त कर दी जाएगी ।
12. यदि किसी सामान की सप्लाई के साथ निर्माता द्वारा कोई भी गिफ्ट सामान या स्कीम दिया जा रहा हैं तो उस पर क्रेता का अधिकार होगा जिसे आपूर्तिकर्ता द्वारा आपूर्ति के साथ दिया जाएगा।
13. आपूर्ति की गयी सामग्री की जांच अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा या अन्य अधिकृत प्रतिनिधि/कमेटी द्वारा की जायेगी। यदि आपूर्ति की गयी सामग्री स्वीकृत निविदा/आपूर्ति आदेश के अनुसार/विनिर्देषन के अनुसार नही पायी गयी तो आपूर्ति को अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित हैं। निविदादाता द्वारा स्वयं के खर्चे पर आपूर्ति की गयी सामग्री को बदलेगा अथवा वापस ले जायेगा ।
14. निविदादाता सामग्री को ठीक तरह से पैक करने के लिए जिम्मेदार होगा ताकि उसे जहाज, रेल एवं सड़क या वायुयान द्वारा साधारण दशा में भेजते समय नुकसान न हो तथा सामग्री अच्छी दशा में नियत स्थान पर प्राप्त की जा सके। किसी भी प्रकार की हानि, नुकसान, टूट-फूट, लीक, सड़क दुर्घटना होने या अन्य कमी की घटना के कारण हुई हानि के लिए निविदादाता/आपूर्तिकर्ता जिम्मेदार होंगे और उस हानि की भरपायी उन्ही के द्वारा की जाऐगी। अधोहस्ताक्षरी इस प्रकार से हुई हानि के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नही होंगे।
15. आपूर्तिकर्ता फर्म को किये जाने वाले भुगतान के निमित्त जारी बैंक ड्राफ्ट आर.टी.जी.एस., एन.ई.एफ.टी. इत्यादि पर होने वाले व्यय संबधित फर्म द्वारा वहन किये जायेंगे ।

16. सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जिला सीहोर (म.प्र.) होगा

17. आपूर्ति आदेश आपूर्तक को दस्ती अथवा उपलब्ध करायी गयी ई-मेल Email/Whatsapp पर ही प्रेषित किये जायेगें, अतः सभी निविदादाताओं को विद्यालय को उनके Email/Whatsapp उपलब्ध कराना अनिवार्य है। किसी भी स्थिति में डाक/रजि./स्पीडपोस्ट द्वारा आपूर्ति आदेश नहीं दिये जायेंगे ।

18. आपूर्ति की गयी सामग्री का भुगतान चैंक द्वारा ग्रांट उपलब्ध होने पर किया जायेगा ।

19. निविदादाता फर्म का जी.एस.टी पंजीकरण अनिवार्य हैं । साथ ही अपने फर्म के पैन कार्ड की प्रति लगाना अनिवार्य है । इसके अभाव में निविदा निरस्त की जा सकती हैं।

20. निविदादाता निविदा के साथ निम्न सत्यापित प्रमाण-पत्र साथ में संलग्न करेंगे :-
    a. आयकर विभाग द्वारा जारी पैन नंबर व जीएसटी नम्बर की स्वसत्यापित प्रतिलिपि ।
    b. यदि निविदादाता अनुमोदित वितरक है, तो सम्बंधित कम्पनियों द्वारा अनुमोदित वितरक का प्रमाण पत्र ।
    c. फर्म के बैंक खाते का विवरण ।
    d. फर्म / मालिक का आधार कार्ड।

PRINCIPAL
KANYA SHIKSHA PARISAR, SEHORE
RUN BY SU... FOUNDATION
Sehore-Indore By Pass Road, Infront of
R.T.O. Office, Crescent Resort Cross Road
Sehore, Madhya Pradesh -466001

Principal

दिनांक : **09 मार्च 2024**

# घोषणा

उपरोक्त 1 से 20 तक सभी शर्ते मेरे द्वारा पूर्ण रूप से पढ़ ली गयी हैं और मैं पूरी तरह से पालन करने का वचन देता हूँ। शर्तो के उलंघन के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा लिया गया कोई भी निर्णय अंतिम होगा और मेरे लिए पुरी तरह से बाध्यकारी होगा ।

मैं अधोहस्ताक्षरी एतद्द्वारा घोषणा करता हूँ की उपरोक्त सभी शर्ते मुझे स्वीकार्य हैं।

**निविदाकर्ता के हस्ताक्षर और उसके व्यवसाय-प्रतिष्ठान की मुहर**

**Appendix "A "**

# कार्य का विवरण

| Sr.no | Item name | Make & Model | Qty | Rate including all taxes | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Speaker Outdoor | Ahuja SP-6305TD or equivalent | Per Pcs | | |
| 2. | Speaker Indoor | Ahuja WSX-551T or equivalent | Per Pcs | | |
| 3. | Volume control | Ahuja AT-20 or equivalent | Per Pcs | | |
| 4. | Microphone | Ahuja ACM-96CH or equivalent | Per Pcs | | |
| 5. | Amplifier | Ahuja SSA-250DP or equivalent | Per Pcs | | |
| 6. | Speaker Cable 2 core 1.5 sqmm | Mapson or equivalent | Per Mtr. | | |
| 7. | Zone Controller | Ahuja SSW-16M or equivalent | Per Pcs | | |
| 8. | PVC Pipe ("1" Inch) | Standard brand | Per Mtr. | | |
| 9. | Rack 9U | Netrack or equivalent | Per Pcs. | | |
| 10. | Installation charges | As per site work | | | |

**नोट :- निविदा विद्यालय की साईट विजिट करने के बाद ही भरकर भेजें।**

**निविदाकर्ता के हस्ताक्षर और उसके व्यवसाय-प्रतिष्ठान की मुहर**